**आकाशवाणी**

**क्षेत्रीय समाचार एकांश**

**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

शनिवार 02.11.2024 समय 1830

- उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गये हैं। इस वर्ष 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।
- केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट कल भैया दूज के अवसर पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद किए जाएंगे।
- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा— देहरादून—दिल्ली के बीच इकोनॉमी कॉरिडोर का निर्माण जल्द पूरा होगा।
- खेल मंत्री रेखा आर्य ने पर्वतीय क्षेत्रों से युवाओं का पलायन रोकने तथा बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें आर्थिक विकास के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया।
- सीमा सुरक्षा बल— बी.एस.एफ ने आज देवप्रयाग से देश की पहली **महिला सैन्य नौकायन** अभियान की शुरुआत की।
- गोवर्धन पूजा देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।

**गंगोत्री धाम**

उत्तरकाशी स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री मंदिर के कपाट आज अन्नकूट के पावन पर्व पर अपराह्न 12 बजकर 14 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। इस अवसर पर गंगोत्री धाम में उपस्थित देश—विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा जी की उत्सव मूर्ति के निर्वाण दर्शन कर अभिषेक पूजा में भाग लिया। कपाटबंदी के बाद हर—हर गंगे के उद्घोष और लोक वाद्य यंत्रों, आर्मी बैंड के साथ गंगा जी की उत्सव मूर्ति को डोली में बिठाकर परम्परानुसार मुखवा गांव के लिए प्रस्थान करवाया गया। आकाशवाणी से बातचीत में मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि डोली यात्रा आज रात्रि में चंडी देवी मंदिर मार्कण्डेय पुरी में प्रवास करेगी। उन्होंने बताया कि शीतकाल में श्रद्धालु मुखवा स्थित गंगा मंदिर में गंगा जी के दर्शन और पूजा—अर्चना कर सकेंगें।

रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ धाम और उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट कल भैया दूज के अवसर पर शीतकाल के लिए बंद होंगे। केदारनाथ को लगभग 10 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। केदारनाथ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकडा 15 लाख के पार हो गया है। वहीं, यमुनोत्री धाम में अबतक 7 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, जबकि 8 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गंगोत्री धाम की यात्रा की।

## दून टू दिल्ली कॉरिडोर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि देहरादून–दिल्ली के बीच इकोनॉमी कॉरिडोर का निर्माण जल्द पूरा हो जाएगा। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कॉरिडोर का निर्माण 95 फीसदी पूरा हो चुका है। श्री टम्टा ने कहा कि इस कॉरिडोर के निर्माण से देश की राजधानी और प्रदेश की राजधानी के बीच की दूरी कम होगी और आर्थिक गतिविधियों का लाभ मिलेगा।

## पूर्णागिरि मंदिर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधम सिंह नगर के खटीमा स्थित ग्राम नगला तराई में प्राचीन माँ पूर्णागिरि मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के कार्य का शिलान्यास किया। मंदिर का निर्माण 2 करोड़ 52 लाख रुपये की धनराशि से किया जाएगा। इस मौके पर श्री धामी ने कहा कि मंदिर का निर्माण क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करने में ये विशेष भूमिका निभाएगा।

## युवा कल्याण मंत्री रेखा

खेल और युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य ने कहा है कि पर्वतीय क्षेत्रों से युवाओं का पलायन रोकने तथा स्थानीय बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें आर्थिक विकास के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। देहरादून में आयोजित युवा नीति बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य के सीमांत और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाली 15 से 29 आयु वर्ग की महिला शक्ति के लिए युवा नीति में जेंडर बजट का प्रावधान किया जा रहा है। श्रीमती आर्य ने कहा कि पर्वतीय और सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले युवक–युवतियों की चुनौतियां तथा आवश्यकताएं अलग–अलग हैं, जिन पर नीति निर्माण प्रक्रिया में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## महिला सैन्य नौकायन

सीमा सुरक्षा बल– बी.एस.एफ ने आज देवप्रयाग से देश की पहली **महिला सैन्य नौकायन** अभियान की शुरुआत की। नमामि गंगे के 53 दिवसीय संयुक्त ऑल वुमेन गंगा रिवर अभियान का शुभारंभ करते बीएसएफ के आईजी राजा बाबू ने कहा कि यह देश की पहली महिला टीम है जो इस तरह के साहसिक कार्यक्रम का हिस्सा बनी है। उन्होंने कहा कि गंगा भारत की पवित्र नदी है और इसको स्वच्छ व अविरल रखना हमारा संकल्प है। नौकायन अभियान की अगुवाई कर रही बीएसएफ उप निरीक्षक प्रिया मीना ने बताया कि इस अभियान के लिए बीएसएफ की बीस महिलाओं का चयन किया गया है। अभियान के तहत गंगा तट से लगे 43 नगरों में नई पीढ़ी को स्वच्छ गंगा और अविरल गंगा का संदेश दिया जाएगा।

## च्यूड़े का त्योहार

उत्तराखंड के कुमाऊं में कई त्योहार हैं जो भाई–बहन के बीच अनोखे प्यार को दर्शाते हैं। इन्हीं में से एक है च्यूड़े का त्योहार। च्यूड़े का त्योहार भैया दूज के दिन मनाया जाता है। इस त्योहार को मनाने के लिए ओखल में भीगे धान को कूटकर च्यूड़ा बनाया जाता है। भैया दूज के दिन बहन इन च्यूड़ो को भाई के सिर पर रखकर उसकी लंबी उम्र की प्रार्थना करती है। च्यूड़ा बनाने के लिए गांवों में महिलाएं दिवाली से दो–चार दिन पहले नए धान को पानी के बर्तन में भिगो देती हैं। गोवर्धन पूजा के दिन धान को पानी से निकालकर लोहे की कड़ाही में भूना जाता है। फिर महिलाएं इसे ओखल में मूसल से कूटती हैं, इससे च्यूड़ा तैयार हो जाता है। साथ ही भैया दूज के दिन देवताओं को नए अनाज से बने च्यूड़े चढ़ाने की वर्षों पुरानी परंपरा आज भी गांवों में देखने को मिलती है। बागेश्वर से पर्यावरण प्रेमी किशन मलड़ा बताते हैं कि च्यूड़ा खाने में स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है।

## गोवर्धन पूजा

गोवर्धन पूजा देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मथुरा–वृंदावन में विशेष पूजा का आयोजन किया गया है जहां भगवान कृष्ण के अनुयायी बड़ी संख्या में एकत्र हुए हैं।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर आज देहरादून स्थित राजभवन स्थित ''राजलक्ष्मी गौशाला'' में गौ माता की सेवा कर प्रकृति और पशुधन संरक्षण के संकल्प का स्मरण किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट की शुभकामनाएं दी। श्री धामी ने कहा कि ये पावन पर्व हमें प्रकृति, पशुधन और कृषकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।

## आदि कैलाश यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आदि कैलाश यात्रा के बाद से ही कैलाश यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। अब तक 28 हजार से से अधिक यात्री आदि कैलाश के दर्शन कर चुके हैं। धारचूला तहसील कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन 300 यात्रियों के इनर लाइन पास बनाए जा रहे हैं। प्रशासन के अनुसार दीपावली के बाद यात्रा में तेजी आने की उम्मीद है।

## दुर्घटना

चंपावत जिले के लोहाघाट में एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को उपचार के लिए लोहाघाट उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से तीन की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। चंपावत से हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि ने बताया कि वाहन पाटी से लोहाघाट की ओर आ रहा था। वहीं, अल्मोड़ा के रानीखेत– सोमेश्वर मार्ग पर कल देर रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी।

## जी.एस.टी.

वस्तु और सेवा कर– जी.एस.टी. का राजस्व संग्रह अक्तूबर माह में 9 प्रतिशत बढ़कर एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया। जी.एस.टी. के राजस्व संग्रह में यह दूसरी रिकॉर्ड सर्वाधिक बढ़ोतरी है। घरेलू बिक्री और बेहतर अनुपालन के कारण यह वृद्धि दर्ज की गई है। अक्तूबर माह में केन्द्रीय जी.एस.टी. के रूप में 33 हजार आठ सौ 21 करोड़ रुपये, राज्य जी.एस.टी. के रूप में 41 हजार आठ सौ 64 करोड़ रुपये और एकीकृत जी.एस.टी. 99 हजार एक सौ 11 करोड़ रुपये तथा उपकर बारह हजार पांच सौ 50 करोड़ रुपये एकत्र हुए।

## उत्तरकाशी में गंगा उत्सव

हरिद्वार के साथ ही उत्तरकाशी जिले में भी जिला गंगा समिति के तत्वावधान में आगामी चार नवंबर को गंगा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उत्तरकाशी जिले के जिलाधिकारी डॉक्टर मेहरबान सिंह बिष्ट ने लोगों से गंगा उत्सव के कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।